भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2811
सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विरासती स्थलों पर घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कदम**

**2811. श्री ओम पवन राजेनिंबालकरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में विरासती स्थलों की ओर घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान घरेलू पर्यटकों की संख्या कितनी रही है और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य-वार कितना राजस्व अर्जित किया गया है;

(ग) क्या सरकार द्वारा पर्यटकों की आवक में वृद्धि के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा देने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग की सुदृढ़ता सुनिश्चित करने हेतु पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड़): पर्यटन मंत्रालय ने देश में महाराष्ट्र तथा विरासत स्थलों सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटकों को आकर्षित करने और उनके आगमन में बढ़ोतरी के लिए निम्नलिखित कदम उठाये हैं:

- पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विषयगत पर्यटक परिपथों का विकास किया है । योजना के तहत विषयगत परिपथों में से एक के रूप में विरासत परिपथ को विकास हेतु चिह्नित किया गया है ।
- 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजना के तहत धार्मिक तथा विरासत स्थलों पर समेकित पर्यटन अवसंरचना का विकास कार्य किया गया है ।
- एक विरासत को अपनाएं कार्यक्रम के तहत पर्यटन स्थलों, विरासत स्थलों और स्मारकों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास करना ताकि पर्यटकों के समग्र अनुभव को समृद्ध बनाते हुए उन्हें अधिक पर्यटक अनुकूल बनाया जा सके ।
- अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के तहत विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों सहित भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करना ।

- जनवरी 2020 में देखो अपना देश नामक पहल की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य लोगों के बीच भारत के अल्पज्ञात स्थलों तथा विरासत स्थलों सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन करना था ।
- घरेलू तथा विदेशों में स्थित भारतपर्यटन कार्यालय विभिन्न संवर्धनात्मक एवं विपणन कार्यकलापों/ कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटन गंतव्यों तथा विरासत स्थलों का संवर्धन करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय घरेलू पर्यटकों से उत्पन्न राजस्व के राज्य-वार आंकड़े नहीं रखता है । वर्ष 2016 से 2020 के दौरान घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी) का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन के संवर्धन हेतु स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्र. सं** | **योजना का नाम / स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि करोड़ रुपए में** |
|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन** | | | |
| 1. | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा समुद्र तट, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मिताभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवाटी किला) का विकास | 19.06 |
| 2. | 2018-19 | आध्यात्मिक परिपथ के तहत वाकी - अडासा- धापेवाड़ा- परादसिंह- छोटा ताजबाग- तेलनखंडी- गिराड़ का विकास | 54.01 |
| **प्रशाद योजना** | | | |
| 3. | 2017-18 | त्रियम्बकेश्वर का विकास | 37.81 |
| **कैंद्रीय एजेंसियों को सहायता** | | | |
| 4. | 2016-17 | पर्यटन स्थल के रूप में कान्होजी आंग्रे लाइटहाउस को विकसित करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को कैंद्रीय वित्तीय सहायता | 15.00 |
| 5. | 2016-17 | नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 5.18 |
| 6. | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण । | 12.50 |
| 7. | 2017-18 | औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 5.71 |
| 8. | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | 37.50 |

*****

**अनुबंध**

विरासती स्थलों पर घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कदम के संबंध में दिनांक 21.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2811 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2016 से 2020 के दौरान घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी) का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष 2016 से 2020 के दौरान राज्य-वार घरेलू और विदेशी पर्यटक आगमन** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **2016** | **2017** | **2018** | **2019** | **2020** |
| | | **डीटीवी** | **डीटीवी** | **डीटीवी** | **डीटीवी** | **डीटीवी** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 384552 | 471919 | 498279 | 505398 | 191207 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 153163354 | 165433898 | 194767874 | 237051508 | 70828590 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 385875 | 444005 | 512436 | 555639 | 42871 |
| 4 | असम | 5160599 | 6052667 | 4710617 | 5447805 | 1266898 |
| 5 | बिहार | 28516127 | 32414063 | 33621613 | 33990038 | 5638024 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1182504 | 1425781 | 1538796 | 1563795 | 417953 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 16534471 | 17350030 | 19329501 | 17304506 | 2810227 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 589074 | 614182 | 609435 | 618330 | 104959 |
| 9 | दमन और दीव | 826201 | 858131 | 898824 | 897804 | 297436 |
| 10 | दिल्ली # | 28460832 | 29114423 | 29114423 | 36467598 | 9583671 |
| 11 | गोवा | 5650061 | 6895234 | 7081559 | 7127287 | 3258715 |
| 12 | गुजरात | 42252909 | 48343121 | 54369873 | 58864661 | 19464517 |
| 13 | हरियाणा | 7382995 | 6050325 | 4888952 | 4549017 | 2114731 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 17997750 | 19130541 | 16093935 | 16829231 | 3170714 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 9414579 | 14235473 | 17076315 | 16163330 | 2519524 |
| 16 | झारखण्ड | 33389286 | 33723185 | 35408822 | 35580768 | 2574704 |
| 17 | कर्नाटक | 129762600 | 179980191 | 214306456 | 227934714 | 77453339 |
| 18 | केरल | 13172536 | 14673520 | 15604661 | 18384233 | 4988972 |
| 19 | लक्षद्वीप | 8716 | 6620 | 10435 | 6985 | 3462 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 150490339 | 78038522 | 83969799 | 88707139 | 23519632 |
| 21 | महाराष्ट्र # | 116515801 | 119191539 | 119191539 | 149294703 | 39234591 |
| 22 | मणिपुर | 150638 | 153454 | 176109 | 167560 | 49669 |
| 23 | मेघालय | 830887 | 990856 | 1198340 | 1245633 | 24734 |
| 24 | मिजोरम | 67238 | 67772 | 76551 | 163762 | 30890 |
| 25 | नागालैंड | 58178 | 63362 | 101588 | 125949 | 10979 |
| 26 | ओडिशा | 12842766 | 14011229 | 15208540 | 15307637 | 4622273 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | पुदुचेरी | 1398289 | 1531972 | 1616660 | 1713248 | 1114942 |
| 28 | पंजाब | 38703326 | 40293352 | 44595061 | 47385387 | 16692197 |
| 29 | राजस्थान | 41495115 | 45916573 | 50235643 | 52220431 | 15117239 |
| 30 | सिक्किम | 747343 | 1375854 | 1426127 | 1421823 | 316408 |
| 31 | तमिलनाडु | 343812413 | 345061140 | 385909376 | 494865257 | 140651241 |
| 32 | त्रिपुरा | 370618 | 398669 | 414388 | 437201 | 127815 |
| 33 | तेलंगाना | 95160830 | 85266596 | 92878329 | 83035894 | 39997001 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 213544204 | 233977619 | 285079848 | 535855162 | 86122293 |
| 35 | उत्तराखंड | 30505363 | 34359989 | 35609650 | 37585920 | 7005264 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 74460250 | 79630345 | 85657365 | 92366025 | 28841732 |
| 37 | लद्दाख | - | - | - | 241285 | 6743 |
| | **कुल** | **1615388619** | **1657546152** | **1853787719** | **2321982663** | **610216157** |

स्त्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग,

#: 2017 के आंकड़ों को 2018 के आंकड़ों के लिए दोहराया गया है; 2018 के आंकड़ों पर 2019/18 के लिए अखिल भारतीय विकास दर लागू करके 2019 के आंकड़ों का अनुमान लगाया गया है; 2019 के आंकड़ों पर 2020/19 के लिए अखिल भारतीय विकास दर को लागू करके 2020 के डेटा का अनुमान लगाया गया है

******